LOW TEMPERATURE CARBONISATION PLANT IN CHANDA DISTRICT

4626. SHRI K. M. KOUSHIK : Will the Minister of STEEL, MINES AND METALS be pleased to state :

(a) whether Government propose to establish a low temperature carbonisation plant in Chanda District of Maharashtra State, as suggested by the C.S.I.R.;

(b) if so, when it is likely to be completed; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF STEEL, MINES AND METALS (SHRI P. C. SETHI) : (a) to (c). It is understood that the Maharashtra Government are examining the possibility of setting up a low temperature carbonisation plant in that State based on a report prepared by the Regional Research Laboratory, Hyderabad. This proposition is in such a preliminary stage of examination yet that it is not possible to give any estimates as to when it will ultimately be taken up for implementation. The question, therefore, of its completion at this stage does not arise at all.

**कापसेती रेलवे स्टेशन (उत्तर रेलवे) से बम्बई के रेलवे टिकटों का गायब हो जाना**

4627. **श्री नागेश्वर द्विवेदी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 1965-66 में उत्तर रेलवे के कापसेती स्टेशन से बम्बई के कुछ रेलवे टिकटों के गायब हो जाने के सम्बन्ध में सरकार को कोई सूचना मिली थी; और यदि हां, तो यह सूचना किस तारीख को मिली थी और कितने टिकटों के गायब होने की सूचना मिली थी;

(ख) ऐसे कितने किटक एकत्रित किये गये हैं और किन-किन तारीखों को एकत्रित किये गये हैं तथा वे टिकट किन तारीखों को जारी किये गये थे; और

(ग) इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है और इसके परिणामस्वरूप क्या तथ्य प्रकाश में आये हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** : (क) जी हां। मण्डल कार्यालय, लखनऊ की सूचना 30 दिसम्बर, 1965 को मिली थी। 200 टिकट गायब होने की रिपोर्ट मिली थी जिसमें से 100 टिकट दादर के थे और 100 बम्बई वी० टी० के।

(ख) एकत्रित किये गये टिकटों के रजिस्टर से जांच करने पर पता चला है कि 26 जून और 30 अक्तूबर, 1965 के दौरान उन टिकटों में से 43 टिकट गंतव्य स्टेशन पर एकत्रित किये गये थे। लेकिन, चूंकि एकत्रित टिकट उपलब्ध नहीं हैं इस लिये इस बात की जांच नहीं की जा सकती कि वे टिकट किस-किस तारीख को जारी किये गये थे।

(ग) इन टिकटों की चोरी होने तथा जालसाजी से उन्हें जारी करने की ज़िम्मेदारी ठहराना सम्भव नहीं हो सका है। लेकिन छपे हुए टिकटों को सुरक्षित रूप से रखने के लिये ज़िम्मेदार प्राधिकारी स्टेशन मास्टर है, इस लिये इन टिकटों के खोने की ज़िम्मेदारी उसी पर ठहराई गई है। उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई जारी है।

**चाय का निर्यात**

4628. **श्री निहाल सिंह** : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रीलंका सरकार द्वारा अपनी मुद्रा का अवमूल्यन किये जाने के कारण भारतीय चाय के निर्यात व्यापार पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप व्यापार में कितनी हानि होने का अनुमान है ?

**वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह)** : (क) से (ग). श्रीलंका के अवमूल्यन का चाय के विश्व व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका ठीक-ठीक मूल्यांकन करना इतनी जल्दी सम्भव नहीं है । अतः सरकार का विचार है कि बदलती हुई स्थिति पर ध्यान रखा जाये । इस समय यह निर्णय करने का समय नहीं आया है कि क्या इसके परिणाम-स्वरूप 'व्यापार की हानि' होगी अथवा कितनी हानि होगी ।

### IMPORT OF TYRES THROUGH S.T.C.

4629. SHRI YASHPAL SINGH : Will the Minister of COMMERCE be pleased to state :

(a) whether Government propose to import scooter and motor-car tyres through the State Trading Corporation; and

(b) if so, when a decision is likely to be taken in the matter?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMERCE (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

### बरौनी और धनबाद रेलवे यार्ड में चोरियां

4630. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले एक वर्ष में पूर्वोत्तर रेलवे के बरौनी रेलवे यार्ड में तथा पूर्व रेलवे के धनबाद रेलवे यार्ड में कितनी चोरियां हुई थीं, उनमें से कितने मूल्य का सामान चुराया गया था तथा संबंधित व्यक्तियों को कितना मुआवज़ा दिया गया;

(ख) क्या चोरी के इन मामलों की जांच कराई गई थी और यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले;

(ग) क्या चोरी के इन मामलों में कुछ रेलवे के किन्हीं उच्च अधिकारियों का हाथ भी पाया गया था और यदि हां, तो उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई थी;

(घ) क्या चोरियों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिये यार्डों के चारों ओर दीवार बनाने का सरकार का विचार है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** : (क) पूर्व रेलवे के धनबाद रेलवे यार्ड में इस तरह की कोई चोरी नहीं हुई है जबकि पूर्वोत्तर रेलवे के बरौनी रेलवे यार्ड में 1966 में चोरी की केवल पांच घटनाओं की रिपोर्ट है, जिनमें 2520 रुपये के मूल्य की सम्पत्ति चोरी गई थी । मुआवज़े के रूप में दी गई रकम के आंकड़े स्टेशनवार नहीं रखे जाते हैं ।

(ख) जी हां, यह मालूम किया जा रहा है कि जांच का क्या परिणाम निकला ।

(ग) जी नहीं ।

(घ) जी नहीं । वर्तमान निवारक उपाय पर्याप्त समझे जाते हैं ।

(ङ) सवाल नहीं उठता ।

### राष्ट्रीय कोयला विकास निगम की कोयला खानों के द्वारों पर स्नानगृह

4631. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **इस्पात, खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय कोयला विकास निगम ने विदेशों की भांति अपनी सभी कोयला खानों के द्वारों पर मजदूरों के स्नानार्थ स्नानगृहों की व्यवस्था की है;

(ख) क्या यह भी सच है कि ये सभी स्नानगृह प्रयोग में नहीं लाये जा रहे हैं अथवा राशन या अन्य वस्तुएं उनमें रखी जा रही हैं;